an>

Title :Need to monitor the progress of development works in villages under Saansad Adarsh Gram Yojana particularly in Sant Kabir Nagar Parliamentary Constituency, Uttar Pradesh.

श्री शरद त्रिपाठी (संत कबीर नगर) ः केन्द्र सरकार के द्वारा राज्यों में चलाई जा रही योजनाओं को राज्य सरकार के संबंधित विभागों द्वारा नियमानुसार लागू नहीं किया जा रहा है। खासकर सांसदों द्वारा "सांसद आदर्श ग्राम योजना " के तहत चयनित ग्रामों के विकास में राज्य सरकार के विभिन्न विभागों द्वारा पर्याप्त रूचि नहीं दिखाई जा रही है। मेरे संसदीय क्षेत्र में "सांसद आदर्श ग्राम योजना " के तहत चयनित ग्राम "सारे खुर्द " जनपद सन्त कबीर नगर (उत्तर प्रदेश) में आज तक किसी अधिकारी ने वहां जाकर विकास कार्य की समीक्षा नहीं की है। यह बहुत गंभीर विषय है। हमारी सरकार से मांग है कि जांच कराकर दोषी अधिकारियों पर कार्रवाई सुनिश्चित की जाये।

मेरी सरकार से यह भी मांग है कि "सांसद आदर्श ग्राम योजना " के तहत चयनित ग्रामों के विकास हेतु गाइडलाइन्स बनाकर संबंधित अधिकारियों द्वारा उसका अनुपालन सुनिश्चित किया जाये।